2017

HINDI

(Major)

Paper : 5.2

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) किस वार को बुआ पाजेब ले आई थी?

(ख) मुन्नी के बड़े भाई का नाम क्या था?

(ग) 'जानवर और जानवर' शीर्षक कहानी-संग्रह के कहानीकार कौन हैं?

(घ) 'चीफ़ की दावत' के कहानीकार का नाम लिखिए।

(ङ) भोलाराम के जीव ने कितने दिन पहले देह त्याग किया था?

(च) डॉ० सुरेश सिन्हा के अनुसार राजेन्द्र यादव किस प्रकार के कहानीकार हैं?

(छ) पठित कहानी को छोड़कर ज्ञानरंजन द्वारा रचित एक प्रसिद्ध कहानी का नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) 'शरणदाता' कहानी का उद्देश्य क्या है?

(ख) धर्मराज को गुमसुम बैठे देख नारद ने क्या कहा था?

(ग) "चंदा ने आधी बात सुनी, आधी नहीं।" यहाँ चर्चित पूरी बात का उल्लेख कीजिए।

(घ) कहानी की एक परिभाषा दीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) "बच्चे में चोरी की आदत भयावह हो सकती है।" आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) भोलाराम का जीव कैसे लापता हो गया था?

(ग) ऑपरेशन को लेकर पारस बाबू क्यों चिंतित थे?

(घ) गजाधर बाबू के जीवन में गनेशी का क्या स्थान है?

(ङ) 'फेंस के इधर और उधर' कहानी के परम्परागत जीवन-दृष्टि और नवीन जीवन-दृष्टि के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"पेंशन का केस बीसों दफ्तरों में जाता है। देर लग ही जाती है। हजारों बार एक ही बात को हजार जगह लिखना पड़ता है, तब पक्की होती है।"

अथवा

"उन्हें लगा कि वह जिन्दगी द्वारा ठगे गये हैं। उन्होंने जो कुछ चाहा, उसमें से उन्हें एक बूँद भी नहीं मिली।"

5. हिन्दी कहानी के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

कहानी-कला की दृष्टि से 'पाजेब' **अथवा** 'शरणदाता' कहानी की समीक्षा कीजिए।

6. कहानीकार के रूप में प्रेमचन्द **अथवा** यशपाल की भूमिका पर चर्चा कीजिए। 10

★★★